है, और जो एक ईश्वर को छोड़ के दूसरे की उपासना न करनी तथा संध्योपासन कभी न छोड़ देना इसी को संन्ध्योपासन कहते हैं ॥ ३ ॥ (उद्यन्तमस्तं यान्त०) जब सूर्य के उदय और अस्त का समय आवे उसमें नित्य प्रकाशस्वरूप आदित्य परमेश्वर की उपासना करता हुआ ब्रह्मोपासक ही मनुष्य सम्पूर्ण सुख को प्राप्त होता है, इस से सब मनुष्यों को उचित है कि दो समय में परमेश्वर की नित्य उपासना किया करें ॥ ४ ॥ इस में मनुस्मृति की भी साक्षी है कि दो घड़ी रात्रि से लेके सूर्य्योदय पर्य्यन्त प्रातःसंध्या और सूर्यास्त से लेकर तारों के दर्शन पर्य्यन्त सायंकाल में सविता अर्थात् सब जगत् की उत्पत्ति करने वाले परमेश्वर की उपासना गायत्र्यादि मंत्रों के अर्थ विचारपूर्वक नित्य करें ॥ ५ ॥ (न तिष्ठति तु०) जो मनुष्य नित्य प्रातः और सायं संध्योपासन को नहीं करता उस को शूद्र के समान समझ कर द्विजकुल से अलग करके शूद्रकुल में रख देना चाहिये, वह सेवाकर्म किया करे और उस के विद्या का चिन्ह यज्ञोपवीत भी न रहना चाहिये, इस से सब मनुष्यों को उचित है कि सब कामों से इस काम को मुख्य जान

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कर पूर्वोक्त दो समयों में जगदीश्वर की उपासना नित्य करते रहें ॥ इत्यग्निहोत्रसन्ध्योपासनप्रमाणानि । इति प्रथमो ब्रह्मयज्ञः समाप्तः ॥

अथ द्वितियोऽग्निहोत्रो देवयज्ञः प्रोच्यते॥

उसका आचरण इस प्रकार से करना चाहिये कि संध्योपासन करने के पश्चात् आग्निहोत्र का समय है, उस के लिये सोना, चांदी, तांबा लोहा वा मिट्टी का कुण्ड बनवा लेना चाहिये जिस का परिमाण सोलह अङ्गुल चौड़ा सोलह अङ्गुल गहिरा और उसका तला चार अङ्गुल का लंबा चौड़ा रहे, एक चमासा जिसकी डंडी सोलह अङ्गुल और उस के अग्रभाग में अंगूठा की यवरेखा के प्रमाण से लम्बा चौड़ा आचमनी के समान बनवा लेवे, सो भी सोना चांदी वा पलाशादि लकड़ी का हो, एक आज्यस्थाली अर्थात् घृतादि सामग्री रखने का पात्र सोना चांदी वा पूर्वोक्त लकड़ी का बनवा लेवे, एक जल का पात्र तथा एक चिमटा और पलाशादि की लकड़ी समिधा के लिये रख लेवे पुनः घृत को गर्म कर छान लेवे और एक सेर घी में एक रत्ती कस्तूरी एक मासा केशर पीस के मिलाकर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उक्त पात्र के तुल्य दूसरे पात्र में रख छोड़े, जब अग्निहोत्र करे तब शुद्धस्थान में बैठ के पूर्वोक्त सामग्री पास रख लेवे, जल के पात्र में जल और घी के पात्र में एक छटांक वा अधिक जितना सामर्थ्य हो उतने शोधे हुए घी को निकाल कर अग्नि में तपा के सामने रख लेवे, तथा चमसे को भी रख लेवे, पुनः उन्हीं पलाशादि वा चन्दनादि लकड़ियों को वेदी में रख कर उन में अग्नि धर के पंखे से प्रदीप्त कर नीचे लिखे मन्त्रों में से एक२ मन्त्र से एक२ आहुति देता जाय, प्रातः काल वा सायंकाल में, अथवा एक समय में करे तो सब मंत्रों से सब आहुति किया करे ॥

अथाग्निहोत्रहोमकरणार्थाः मन्त्राः ॥

सूर्य्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्य्यः स्वाहा ॥ सूर्य्यो वर्च्चो ज्योतिर्व्वर्च्चः स्वाहा ज्योतिः सूर्य्यः सूर्य्यो ज्योतिः स्वाहा ॥ सजूर्देवेन सवित्रा सजूरुषेसन्द्रवत्या ॥ जुषाणः सूर्य्यो वेतु स्वाहा ॥ एते चत्वारो मन्त्राः प्रातः कालस्य सन्तीति बोध्यम् ॥

अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा ॥ अग्निर्वर्च्चो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ज्योतिर्वर्च्चः स्वाहा ॥ अग्निर्ज्योतिरिति मन्त्रं मनसोच्चार्य्य तृतीयाहुतिर्देया ॥ ३ ॥ सजूर्देवेन सवित्रा सजू रात्र्येन्द्रवत्या ॥ जुषाणोऽअग्निर्वेतु स्वाहा ॥ य० अ० ३ । मं० ६ । १० ॥ एते सायंकालस्य मन्त्राः सन्तीति वेदितव्यम् ॥

अथोभयोःकालयोरग्निहोत्रे होमकरणार्थास्समाना मन्त्राः ॥

ओं भूरग्नये प्राणाय स्वाहा । ओंभुवर्वायवेऽपानाय स्वाहा । ओं स्वरादित्याय व्यानाय स्वाहा । ओं भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः स्वाहा ॥ आपो ज्योतीरसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों स्वाहा ॥ ओं सर्वं वै पूर्णं ꣳ स्वाहा

भाष्यम् ॥

(सूर्य्यो०) यश्चराचरात्मा ज्योतिषां प्रकाशकानामपिज्योतिः प्रकाशकः सर्वप्राणः परमेश्वरोऽस्ति तस्मै स्वाहाऽर्थात् तदाज्ञापालनार्थं सर्वजगदुपकारायैकाहुतिं दद्मः ॥ १ ॥ (सूर्य्योव०) यो वर्च्चः सर्वविद्यो ज्योतिषां ज्ञानवतां जीवानामपि वर्च्चोऽन्तर्या-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मितया सत्योपदेष्टा सर्वात्मा सूर्य्यः परमेश्वरोऽस्ति तस्मै० ॥ २ ॥ (ज्योतिः सूर्य्यः०) यः स्वयंप्रकाशः सर्वजगत्प्रकाशकः सूर्य्यो जगदीश्वरोस्ति तस्मै० ॥ ३ ॥ (सजू०) यो देवेन द्योतकेन सवित्रा सूर्य्यलोकेन जीवेन च सह तथा (इन्द्रवत्या) सूर्य्यप्रकाशवत्योषसाथवा जीववत्या मानसवृत्त्या (सजूः) सह वर्त्तमानः परमेश्वरोऽस्ति सः (जुषाणः) संप्रीत्या वर्त्तमानः सन् (सूर्यः) सर्वात्मा कृपाकटाक्षेणास्मान् वेतु विद्यादिसद्गुणेषु जातविज्ञानात् करोतु तस्मै० ॥ ४ ॥

इमाश्चतस्र आहुतीः प्रातरग्निहोत्रे कुर्वन्तु । अथ सायंकालाहुतयः। (अग्नि०) योऽग्निर्ज्ञानस्वरूपो ज्ञानप्रदश्च ज्योतिषां ज्योतिः परमेश्वरोऽस्ति तस्मै ॥ १ ॥ (अग्निर्वर्चो०) यः पूर्वोक्तोग्निरनन्तविद्य आत्मप्रकाशकः सर्वपदार्थप्रकाशकश्च सूर्य्यादिद्योतकोऽस्ति तस्मै ० ॥ २ ॥ अग्निर्ज्योतिरित्यनेनैव तृतीयाहुतिर्देया तदर्थश्च पूर्ववत् ॥ ३ ॥ (सजूर्दे०) यः पूर्वोक्तेन देवेन सवित्रा सह परमेश्वरः सजूरास्ति । यश्चेन्द्रवत्या वायुचन्द्रवत्या रात्र्या सह सजूर्वर्त्तते सोऽग्निः (जुषाणः) सम्प्रीतोस्मान् वेतु नित्यानन्दमोक्षसुखाय स्वकृपया कामयतु तस्मै जगदीश्वराय स्वाहेति पूर्ववत् ॥ ४ ॥ एताभिः

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सायंकालेऽग्निहोत्रिणो जुहुति । एकस्मिन् काले सर्वाभिर्वा (सर्वं वै०) हे जगदीश्वर ! यदिदमस्माभिः परोपकारार्थं कर्म क्रियते भवत्कृपया परोपकारायालं भवत्विति, एतदर्थमेतत्कर्म तुभ्यं समर्प्यते ॥ (ओं भूर०) एतानि सवार्णीश्वरनामान्येव वेद्यानि, एतेषामर्था गायत्र्यर्थे द्रष्टव्या ॥ एवं प्रातः सायं सन्ध्योपासनकरणानन्तरमेतैमन्त्रैर्होमं कृत्वाऽग्ने यावदिच्छा तावद्गायत्रीमन्त्रेण स्वाहान्तेन होमं कुर्यात् ॥ अग्नये परमेश्वराय जलवायुशुद्धिकरणाय च होत्रं हवनं यस्मिन् कर्मणि क्रियते तदग्निहोत्रम् ॥ सुगन्धिपुष्टिमिष्टबुद्धिवृद्धिशौर्य्यधैर्य्यबलकररोगनाशकैर्गुणैर्युक्तानां द्रव्याणां होमकरणेन वायुवृष्टि जलयोः शुद्धया पृथिवीस्थपदार्थानां सर्वेषां शुद्धवायुजलयोगादत्यन्तोत्तमतया सर्वेषां जीवानां परममुखं भवत्येवातः, तत्कर्मकर्त्तृणां जनानां तदुपकारतयाऽत्यन्तसुखलाभो भवतीश्वरप्रसन्नता चेत्येतदाद्यर्थमग्निहोत्रकरणम् ॥

भाषार्थ ॥

(सूर्यो ज्यो०) जो चराचर का आत्मा प्रकाशस्वरूप और सूर्यादि प्रकाशक लोकों का भी प्रकाशक है उसकी प्रसन्नता के

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हम लोग होम करते हैं, (सूर्य्यो व०) जो सूर्य्य परमेश्वर हमको सब विद्याओं का देने वाला और हम लोगों से उनका प्रचार कराने वाला है उसी के अनुग्रह से हम लोग अग्निहोत्र करते हैं (ज्योतिः सूर्य्यः०) जो आप प्रकाशमान और र जगत् का प्रकाश करने वाला सूर्य्य अर्थात् सब संसार का ईश्वर है उस की प्रसन्नता के अर्थ हम लोग होम करते हैं (सजूर्देवेन०) जो परमेश्वर सूर्य्यादि लोकों में व्यापक, वायु और दिन के साथ परिपूर्ण सब पर प्रीति करने वाला, और सब के अंग २ में व्याप्त है, वह अग्नि परमेश्वर हम को विदित हो, उस के अर्थ हम होम करते हैं, इन चार आहुतियों को प्रातःकाल अग्निहोत्र में करना चाहिये, (अग्निर्ज्योति०) अग्नि जो परमेश्वर ज्योतिःस्वरूप है उस की आज्ञा से हम परोपकार के लिये होम करते हैं, और उस का रचा हुआ जो यह भौतिकाग्नि है जिस में द्रव्य डालते हैं सो इसलिये है कि उन द्रव्यों को परमाणु करके जल और वायु, वृष्टि के साथ मिला के उन को शुद्ध करदे जिससे सब संसार सुखी होके पुरुषार्थी हो (अग्निर्वर्चो०) अग्नि जो परमेश्वर वर्च अर्थात् सब विद्या-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओं का देने वाला तथा भौतिकअग्नि आरोग्य और बुद्धि बढ़ाने का हेतु है इसलिये हम लोग होम करके परमेश्वर की प्रार्थना करते हैं यह दूसरी आहुति हुई, तीसरी आहुति प्रथम मन्त्र से मौन करके करनी चाहिये और चौथी (सजूर्देवेन०) जो परमेश्वर प्राणादि में व्यापक, वायु और रात्रि के साथ पूर्ण, सब पर प्रीति करने वाला और सब के अंग २ में व्याप्त है वह अग्नि परमेश्वर हम को प्राप्त हो जिस के लिये हम होम करते हैं ॥ अब जिन मन्त्रों से दोनों समय में होम किया जाता है उन को लिखते है (ओं भू०) इन मन्त्रों में जो २ नाम हैं वे सब ईश्वर के ही जानो, उन के अर्थ गायत्री मन्त्र के अर्थ में देखने योग्य हैं और (आपो०) आप जो प्राण परमेश्वर के प्रकाश को प्राप्त होके रस अर्थात् नित्यानन्द मोक्षस्वरूप है उस ब्रह्म को प्राप्त होकर तीनों लोकों में हम लोग आनन्द से विचरें, इस प्रकार प्रातः और सायंकाल सन्ध्योपासन के पीछे इन पूर्वोक्त मन्त्रों से होम करके अधिक होम करने की जहां तक इच्छा हो वहां तक स्वाहा अन्त में पढ़कर गायत्री मन्त्र से होम करें, अग्नि वा परमेश्वर के लिये जल और पवन की

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शुद्धि वा ईश्वर की आज्ञापालन के अर्थ होत्र जो हवन अर्थात् दान करते हैं, उसे अग्निहोत्र कहते हैं, केशर कस्तूरी आदि सुगन्ध, घृत दुग्ध आदि पुष्ट, गुड़ शर्करा आदि मिष्ट, तथा सोमलतादि ओषधि रोगनाशक जो ये चार प्रकार के बुद्धिवृद्धि, शूरता, धीरता, बल और आरोग्य करने वाले गुणों से युक्त पदार्थ हैं उन का होम करने से पवन और वर्षाजल की शुद्धि कर के शुद्ध पवन और जल के योग से पृथिवी के सब पदार्थों की जो अत्यन्त उत्तमता होती है उस से सब जीवों को परमसुख होता है इस कारण उस अग्निहोत्र कर्म्म करने वाले मनुष्यों को भी जीवों के उपकार करने से अत्यन्त सुख का लाभ होता है तथा ईश्वर भी उन मनुष्यों पर प्रसन्न होता है, ऐसे २ प्रयोजनों के अर्थ अग्निहोत्रादि का करना अत्यन्त उचित है॥ इत्यग्निहोत्रविधिः समाप्तः ॥

अथ तृतीयः पितृयज्ञः ॥

तस्य द्वौ भेदौ स्तः, एकस्तर्प्पणाख्यो द्वितीयः श्राद्धाख्य श्च, तत्र येन कर्मणा विदुषो देवानृषीन् पितॄंश्च तर्प्पयन्ति सुखयन्ति तत् तर्प्पणम्, तथा यत्तेषां श्रद्धया सेवनं क्रियते तच्छ्राद्धं

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वेदितव्यम्, तदेतत् कर्म विद्वत्सु विद्यमानेष्वेव घटत्यते, नैव मृतकेषु, कुतः—तेषां सन्निकर्षाभावेन सेवनाशक्यत्वात्, मृतकोद्देशेन यत्क्रियते नैव तेभ्यस्तत्प्राप्तं भवतीति व्यर्थापत्तेः, तस्माद्विद्यमानाभिप्रायेणैतत्कर्मोपदिश्यते, सेव्यसेवकसन्निकर्षात्सर्वमेतत्कर्तुं शक्यत इति । तत्र सत्कर्त्तव्याख्ययः सन्ति, देवाः, ऋषयः, पितरश्च, तत्र देवेषु प्रमाणम् ॥

पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः ॥ पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा ॥ य० अ० १९ मं० ३९ ॥ त्रयं वाऽइदं न तृतीयमस्ति । सत्यं चैवानृतं च सत्यमेव देवा अनृतं मनुष्या इदमहमनृतात्सत्यमुपैमीति तन्मनुष्येभ्यो देवानुपैति ॥ स वै सत्यमेव वदेत् । एतद्धि वै देवा व्रतं चरन्ति यत्सत्यं तस्मात्ते यशो यशो ह भवति य एवं विद्वांत्सत्यं वदति ॥ शत० कां० १ अ० १ । ब्रा० १ कं० ४ । ५ ॥ विद्वाꣳसो हि देवाः ॥ शत० कां० ३ अ० ७ ब्रा० ६ कं० १० ॥

भाष्यम् ॥

(पुनन्तु०) हे (जातवेदः) परमेश्वर ! (मा) मां (पु-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नीहि) सर्वथा पवित्रं कुरु भवन्निष्ठा भवदाज्ञापालिनो (देवजनाः) विद्वांसः श्रेष्ठा ज्ञानिनो विद्यादानेन (मा) मां (पुनन्तु) पवित्रं कुर्व्वन्तु तथा (पुनन्तु मनसा धियः) भवद्दत्तविज्ञानेन भवद्विषयध्यानेन वा नो बुद्धयः पुनन्तु पवित्रा भवन्तु (पुनन्तु विश्वा भूता०) विश्वानि सर्वाणि संसारस्थानि भूतानि पुनन्तु भवत्कृपया पवित्राणि सुखानन्दयुक्तानि भवन्तु, (द्वयं वा०) मनुष्याणां द्वाभ्यां लक्षणाभ्यां द्वे एव संज्ञे भवतः, देवाः, मनुष्याश्चेति, तत्र सत्यं चैवानृतं च कारणे स्तः (सत्यमेव०) यत्सत्यवचनं सत्यमानं सत्यं कर्मैतद्देवानां लक्षणं भवति तथैतदनृतं वचनमनृतं मानमनृतं कर्म चेति मनुष्याणाम्, योऽनृतात् पृथग्भूत्वा सत्यमुपेयात् स देवजातौ परिगण्यते, यश्चसत्यात् पृथग्भूत्वाऽनृतमुपेयात्स मनुष्यसंज्ञां लभेत तस्मात्सत्यमेवसर्वदावदेन्मन्येत कुर्य्याच्च यत्सत्यं व्रतमस्ति तदेव देवा आचरन्ति स यशस्विनां मध्ये यशस्वीति देवो भवति तद्विपरीतो मनुष्यश्च तस्मादत्र विद्वांस एव देवास्सन्तीति ॥

भाषार्थ ॥

अब तीसरा पितृयज्ञ कहते हैं उस के दो भेद हैं एक तर्पण, दूसरा श्राद्ध, तर्पण उसे कहते हैं जिस कर्म से विद्वान्

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रूप देव, ऋषि और पितृयों को सुखयुक्त करते हैं, उसी प्रकार जो उन लोगों का श्रद्धा से सेवन करना है सो श्राद्ध कहाता है, यह तर्पण आदि कर्म विद्यमान अर्थात् जो प्रत्यक्ष हैं उन्हीं में घटता है मृतकों में नहीं क्योंकि उन की प्राप्ति और उन का प्रत्यक्ष होना दुर्लभ है, इसी से उनकी सेवा भी किसी प्रकार से नहीं हो सकती किन्तु जो उन का नाम लेकर देवे वह पदार्थ उनको कभी नहीं मिल सकता इसलिये मृतकों को सुख पहुंचाना सर्वथा असंभव है इसी कारण विद्यमानों के अभिप्राय से तर्पण और श्राद्ध वेद में कहा है, सेवा करने योग्य और सेवक अर्थात् सेवा करने वाले इन के प्रत्यक्ष होने पर यह सब काम हो सकता है, तर्पण आदि कर्म में सत्कार करने योग्य तीन हैं, देव, ऋषि और पितर, उन में से देवों में प्रमाण—(पुनन्तु०) हे जातवेद परमेश्वर ! आप सब प्रकार से मुझ को पवित्र करें, जिन का चित्त आप में है तथा जो आप की आज्ञा पालते हैं वे विद्वान् श्रेष्ठ ज्ञानी पुरुष भी विद्यादान से मुझको पवित्र करें, उसी प्रकार आप का दिया जो विशेष ज्ञान वा आप के विषय का ध्यान उस से हमारी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

बुद्धि पवित्र हों, (पुनन्तु विश्वा भूतानि०) और संसार के सब जीव आप की कृपा से पवित्र और आनन्दयुक्त हों, (द्वयं वा ०) दो लक्षणों से मनुष्यों की दो संज्ञा होती हैं, अर्थात् देव और मनुष्य, वहां सत्य और झूंठ दो कारण हैं, (सत्यमेव०) जो सत्य बोलने सत्य मानने और सत्य कर्म करनेवाले हैं वे देव, और वैसे ही झूंठ बोलने झूठ मानने और झूठ कर्म करने वाले मनुष्य कहाते हैं जो झूंठ से अलग होके सत्य को प्राप्त होवें वे देवजाति में गिने जाते हैं, और जो सत्य से अलग होके झूंठ को प्राप्त हों वे मनुष्य असुर और राक्षस कहे हैं. इस से सब काल में सत्य ही कहे माने और करे, सत्यव्रत का आचरण करने वाला मनुष्य यशस्वियों में यशस्वी होने से देव और उस से उलटे कर्म करने वाला असुर होता है इस कारण से यहां विद्वान् ही देव हैं ॥

अथर्षिप्रमाणम् ॥

तं यज्ञं बर्हिषि प्रौक्षन् पुरुषं जातमग्रतः ।
तेन देवा अयजन्त साध्या ऋषयश्च ये ॥ य०अ० ३१ मं० ९ ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ यदेवानुब्रुवीत । तेनर्षिभ्य ऋणं जायते तद्ध्येभ्य एतत्करोत्यृषीणां निधिगोप इति ह्यनूचानमाहुः ॥ शत० कां० १ अ० ७ कं० ३ ॥ अथार्षेयं प्रवृणीते । ऋषिभ्यश्चैवैनमेतद्देवेभ्यश्च निवेदयत्ययं महावीर्यो यो यज्ञं प्रापदिति तस्मादार्षेयं प्रवृणीते ॥ शत० कां० १ प्रपा० ३ अ० ४ कं० ३ ॥

भाष्यम् ॥

तं यज्ञमिति मंत्रः सृष्टिविद्याविषये व्याख्यातः । (अथ यदेव०) अथेत्यनन्तरं यत्सर्वविद्यां पठित्वानुवचनमध्यापनं कर्मास्ति तदृषिकृत्यमस्ति, तेनाध्ययनाध्यापनकर्मणार्षिभ्यो देयमृणं जायते, यत्तेषां मृषीणां सेवनं करोति तदेतत्तेभ्य एव सुखकारि भवति, यः सर्वविद्याविद्भूत्वाऽध्यापयति तमनूचानमृषिमाहुः, (अथार्षेयं प्रवृणीते०) यो मनुष्यः पठित्वा पाठनाख्यं कर्म प्रवृणीते तदार्षेयं कर्मास्ति, य एवं कुर्वन्ति तेभ्य ऋषिभ्यो देवेभ्यश्चैतत्प्रियकरं वस्तु सेवनं च निवेदयति सोयं विद्वान् महावीर्यो भूत्वा यज्ञं विज्ञानाख्यं (प्रापत्) प्राप्नोति त चैनं विद्यार्थिनं विद्वांसं कुर्य्युः, यश्च विद्वानस्ति यश्चापि विद्यां गृ-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हणाति स ऋषिसंज्ञां लभते. तस्मादिदमार्षेयं कर्म सर्वैर्मनुष्यैः स्वीकार्य्यम् ॥

भाषार्थ ॥

(तं यज्ञं०) इस मन्त्र का अर्थ भूमिका के सृष्टिविद्याविषय में कह दिया है, अब इस के अनन्तर सब विद्याओं को पढ़ के जो पढ़ाना है वह ऋषिकर्म कहाता है, उस पढ़ने और पढ़ाने से ऋषियों का ऋण अर्थात् उन को उत्तम २ पदार्थ, देने से निवृत्त होता है, और जो उन ऋषियों की सेवा करता है वह उन को सुख करनेवाला होता है (निधिगोपः) यहां व्यवहार अर्थात् विद्याकोश का रक्षा करनेवाला होता है, जो सब विद्याओं को जान के सब को पढाता है उस को ऋषि कहते हैं. (अथार्षेयं प्रवृणीते०) जो पढ़ के पढ़ाने के लिये विद्यार्थी का स्वीकार करना है सो आर्षेय अर्थात् ऋषियों का कर्म कहाता है जो उस कर्म को करते हैं उन ऋषियों और देवों के लिये प्रसन्न करनेवाले पदार्थों का निवेदन तथा सेवा करता है वह विद्वान् अतिपराक्रमी होके विशेष ज्ञान को प्राप्त होता है जो विद्वान् और विद्या को ग्रहण करनेवाला है उसका ऋषि

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नाम होता है, इस कारण से इस आर्षेय कर्म को सब मनुष्य स्वीकार करें ॥

अथ पितृषु प्रमाणम् ॥

ऊर्ज्जं वहन्तीरमृतं घृतं पयः कीलालं परिस्रुतम् ॥ स्वधा स्थ तर्पयत मे पितॄन् ॥ य० अ० २ मं० ३४ ॥

भाष्यम् ॥

(ऊर्ज्जं वहन्ती०) ईश्वरः सर्वान् प्रत्याज्ञां ददाति सर्वे मनुष्या एवं जानीयुर्वदेयुश्चाज्ञापयेयुरिति, मे पितॄन् मम पितृपितामहादीन् आचार्य्यादींश्च यूयं सर्वे मनुष्याः तर्पयत सेवया प्रसन्नान् कुरुत तथा (स्वधा स्थ) सत्यविद्याभक्ति स्वपदार्थ धारिणो भवत । केन केन पदार्थेन ते सेवनाया इत्याह, ऊर्ज्जं पराक्रमं प्रापिकाः सुगन्धिता हृद्या अपस्तेभ्यो नित्यं दद्युः (अमृतं) अमृतात्मकमनेकविधं रसं (घृतं) आज्यं (पयः) दुग्धं (कीलालं) अनेकविधसंस्कारैः सम्पादितमन्नं माक्षिकं मधु च (परिस्रुतं) कालपक्वं फलादिकं च दत्वा पितॄन् प्रसन्नान् कुर्य्युः ॥ १ ॥

भाषार्थ ॥

(ऊर्ज्जं वहन्ती०) पिता वा स्वामी अपने पुत्र पौत्र स्त्री वा नौकरों को सब दिन के लिये आज्ञा दे के कहै कि (तर्प्प-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यत मे पितृन्) जो पितापितामहादि माता मातामहादि तथा आचार्य्य और इन से भिन्न भी विद्वान् लोग अवस्था अथवा ज्ञान से वृद्ध मान्य करने योग्य हों उन सब के आत्माओं को यथा योग्य सेवा से प्रसन्न किया करो, सेवा करने के पदार्थ ये हैं (ऊर्ज्जं वहन्ती) उत्तम २ जल (अमृतम्) अनेकविधरस (घृत) घी (पयः) दूध (कीलालं) अनेक संस्कारों से सिद्ध किए रोगनाश करनेवाले उत्तम २ अन्न (परिस्रुतम्) सब प्रकार के उत्तम २ फल हैं इन सब पदार्थों से उनकी सेवा सदा करते रहो जिससे उनका आत्मा प्रसन्न होके तुम लोगों को आशीर्वाद देता रहे कि उससे तुम लोग भी सदा प्रसन्न रहो (स्वधा नमः) हे पूर्वोक्त पितृ लोगो तुम सब हमारे अमृतरूप पदार्थों के भागों से सदा सुखी रहो और जिस२ पदार्थ की तुम को अपने लिये इच्छा हो जो२ हम लोग कर सकें उस २ की आज्ञा सदा करते रहो, हम लोग मन वचन कर्म से तुम्हारे सुख करने में स्थित हैं तुम लोग किसी प्रकार का दुःख मत पाओ, जैसे तुम लोगों ने बाल्यावस्था और ब्रह्मचार्य्याश्रम में हम लोगों को सुख दिया है वैसे हम को भी आप लोगों का प्रत्युपकार करना अवश्य चा-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिये जिस से हम को कृतघ्नता दोष न प्राप्त हो ॥ १ ॥

अथ पितृणां परिगणनम् ॥

येषां पितृसञ्ज्ञा ये सवितुं योग्याश्च ते क्रमशो लिख्यन्ते । सोमसदः । अग्निष्वात्ताः । बर्हिषदः । सोमपाः । हविर्भुजः । आज्यपाः । सुकालिनः । यमराजाश्चेति ।

भाष्यम् ॥

(सो०) सोमे ईश्वरे सोमयागे वा सीदन्ति ये सोमगुणाश्च ते सोमसदः, (अ०) अग्निरीश्वरः सुष्ठुतया आत्ता गृहीतो यैस्ते अग्निष्वात्ताः यद्वा अनेर्गुणज्ञानात्पृथिवीजलव्योमयानयन्त्ररचनादिका पदार्थविद्या सुष्ठुतया आत्ता गृहीता यैस्ते, (ब०) बर्हिषि सर्वोत्कृष्टे ब्रह्मणि शमदमादिषूत्तमेषु गुणेषु वा सीदन्ति ते बर्हिषदः (सो०) यज्ञेनोत्तममौषधिरसं पिबन्ति पाययन्ति वा तेसोमपाः, (ह०) हविर्हुतमेव यज्ञेन शोधितं वृष्टिजलादिकं भोक्तुं भोजयितुं शीलमेषां ते हविर्भुजः, (आ०) आज्यं घृतं यद्वा अज–गतिक्षेपणयोर्धात्वर्थादाज्यं विज्ञानम् तद्दानेन पान्ति रक्षन्ति पाययन्ति रक्षयन्ति ये विद्वांसस्ते, आज्यपाः, (सु०) ई-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ईश्वरविद्योपदेशकरणस्य ग्रहणस्य च शोभनः कालो येषां ते, यद्वा ईश्वरज्ञानप्राप्त्या सुखरूपः सदैव कालो येषां ते सुकालिनः, (य०) ये पक्षपातं विहाय न्यायव्यवस्थाकर्त्तारस्सान्त ते यमराजाः ॥

भाषार्थ ॥

(सो०) जो ईश्वर और सोमयज्ञ में निपुण और जो शान्त्वादिगुण सहित हैं वे सोमसद कहाते हैं, (अ०) अग्नि जो परमेश्वर वा भौतिक उन के गुण ज्ञात करके जिनने अच्छे प्रकार अग्निविद्या सिद्ध की है उन को अग्निष्वात्ता कहते हैं, (ब०) जो सब से उत्तम परब्रह्म में स्थिर होके शमदम सत्यविद्यादि उत्तम गुणों में वर्त्तमान् हैं उनको बर्हिषद कहते हैं (सो०) जो यज्ञ करके सोमलतादि उत्तम ओषधियों के रस के पान करने और कराने वाले हैं तथा जो सोमविद्या को जानते हैं उन को सोमपा कहते हैं (ह०) जो अग्निहोत्रादि यज्ञ करके वायु और वृष्टिजल की शुद्धिद्वारा सब जगत् का उपकार करते और जो यज्ञ से अन्नजलादि को शुद्ध करके खाने पीने वाले हैं उन को हविर्भुज कहते हैं (आ०) आज्य कहते हैं घृत स्निग्धपदार्थ और विज्ञान को जो उस के दान से रक्षा क-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रने वाले हैं उन को आज्यपा कहते हैं, (सु०) मनुष्य शरीर को प्राप्त होकर ईश्वर और सत्यविद्या के उपदेश का जिनको श्रेष्ठ समय और सदा उपदेश में ही वर्त्तमान हैं, उन को सुकालिन कहते हैं, (य०) जो पक्षपात को छोड़ के सदा सत्य व्यवस्था न्याय ही करने में रहते हैं उन को यमराज कहते हैं ॥

पितृपितामहप्रपितामहाः । मातृपितामही. प्रपितामह्यः सगोत्राः सम्बन्धिनः ॥

भाष्यम् ॥

(पि०) सुष्ठुतया श्रेष्ठान् विदुषो गुणान् वासयन्तस्तत्र वसन्तश्च विज्ञानाद्यनन्तधनाः स्वान् जनान् धारयन्तः पोषयन्तश्चतुर्विंशतिवर्षपर्य्यन्तेन ब्रह्मचर्य्येण विद्याभ्यासकारिणः स्वे जनकाश्च सन्ति ते पितरो विज्ञेयाः (पिता०) ये पक्षपातरहिताः दुष्टान् रोदयन्तश्चतुश्चत्वारिंशद्वर्षपर्य्यन्तेन ब्रह्मचर्यसेवनेन कृतविद्याभ्यासास्ते रुद्राः स्वे पितामहाश्च ग्राह्यास्तथा रुद्र ईश्वरोपि (प्रपि०) आदित्यवदुत्तमगुणप्रकाशका विद्वांसोष्टचत्वारिंशद्वर्षेण ब्रह्मचर्य्येण सर्वविद्यासम्पन्नाः सूर्य्यवद्विद्याप्रकाशा स्वे प्रपितामहाश्च ग्राह्यास्तथाऽऽदित्योऽविनाशीश्वरो वात्रगृह्यते (मा०)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पित्रादिसदृश्यो मात्रादयः सेव्याः, (स०) ये स्वसमीपं प्राप्ताः पुत्रादयस्ते श्रद्धया पालनीयाः (आ० सं०) ये गुर्वादिसख्यन्तास्सन्ति ते हि सर्वदा सेवनीयाः ॥ इति पितृयज्ञविधिः समाप्तः ॥

भाषार्थ ॥

जो वीर्य्य के निषेकादि कर्म्म करके उत्पत्ति और पालन करे और चौबीस वर्ष पर्य्यन्त ब्रह्मचर्य्याश्रम से विद्या को पढ़े उस का नाम पिता और वसु है (पिता०) जो पिता का पिता हो और जो चवालीश वर्ष पर्यन्त ब्रह्मचर्य्याश्रम से विद्या पढ़ के सब जगत् का उपकार करता हो उस को प्रपितामह और आदित्य कहते हैं, तथा जो पित्रादिकों के तुल्य पुरुष हैं उन की भी पित्रादिकों के तुल्य सेवा करनी चाहिये, (गा०) पित्रादिकों के समान विद्यास्वभाववाली स्त्रियों की भी अत्यन्त सेवा करनी चाहिये (सगो०) समीपवर्ती ज्ञाति के योग्य पुरुष हैं वे भी सेवा करने योग्य हैं (आचार्य्यादि सं०) जो पूर्ण विद्या के पढ़ानेवाले और श्वसुरादि संबंधी तथा उन की स्त्री हैं उन की यथायोग्य सेवा करनी चाहिये ॥

एतेषां विद्यमानानां सोमसदादीनां सुखार्थं प्रीत्या यत्सेवनं

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्रियते तत्तर्प्पणम्, श्रद्धया यत्सेवनं क्रियते तच्छ्राद्धम् ॥

ये सत्यविज्ञानदानेन जनान् पान्ति रक्षन्ति ते पितरो विज्ञेयाः ॥ अत्र प्रमाणानि—ये नः पूर्वे पितरः सोम्यास इत्यादीनि यजुर्वेदस्यैकोनविंशतितमेऽध्याये सप्तसु सोमषदादिषु पितृषुद्रष्टव्यानि, तथा ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये, इत्यादीनि यमराजेषु, पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः, इत्यादीनि पितृपितामहप्रपितामहादिषु. एवं नमो वः पितरो रसायेत्यादीनि पितृणां संस्कारे च, इति ऋग्यजुरादिवचनानि सन्तीति बोध्यम् अन्यच्च- वसून् वदन्ति वै पितॄन् रुद्रांश्चैव पितामहान् प्रपितामहांश्चादित्यान् श्रुतिरेषा सनातनी ॥ १ ॥ मनु० अ० ३ श्लो० २८४ ॥

भाषार्थ ॥

जो सोमसदादि पितर विद्यमान अर्थात् जीवते हों उनका प्रीति से सेवनादि से तृप्त करना तर्पण और श्रद्धा से अत्यन्त प्रीतिपूर्वक सेवन करना है सो श्राद्ध कहाता है, जो सत्यविज्ञानदान से जनों को पालन करते हैं वे पितर हैं, इस विषय में प्रमाण—ये नः पूर्वे पितरः सोम्यासः । इत्यादि मन्त्र सो

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

मषदादि सातों पितृयों में प्रमाण हैं । ये समानाः समनसः पितरो यमराज्ये । इत्यादि मन्त्र यमराजों । पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः । इत्यादि मन्त्र पितृ पितामह प्रपितामहादिकों तथा नमो वः पितरो रसायेत्यादि मन्त्र पितृयों के सेवा और सत्कार में प्रमाण हैं, ये ऋग्यजुर्वेद आदि के वचन हैं, और मनुजी ने भी कहा है कि पितृयों को वसु, पितामहों को रुद्र और प्रपितामहों को आदित्य कहते हैं, यह सनातन श्रुति है ॥ मनु० अ० ३ श्लो० २८४ ॥ इति पितृयज्ञविधिः समाप्तः ॥

अथ बलिवैश्वदेवविधिर्लिख्यते ॥

यदन्नं पक्वमक्षारलवणं भोजनार्थं भवेत्तेनैव बलिवैश्वदेवकर्म कार्य्यम् । वैश्वदेवस्य सिद्धस्य गृह्येऽग्नौ विधिपूर्वकम् ॥ आभ्यः कुर्य्याद्देवताभ्यो ब्राह्मणो होममन्वहम् ॥ मनु० अ० ३ । श्लो० ८४ ॥

अत्र बलिवैश्वदेवकर्म्मणि प्रमाणम् ॥

अहरहर्बलिमित्ते हरन्तोऽश्वायेव तिष्ठते घासमग्ने ॥ रायस्पोषेण समिषा मदन्तो मा ते

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अग्ने प्रतिवेशारिषाम ॥ १ ॥ अथर्व० कां० १९ अनु० ७ सं० ७॥ पुनन्तु मा देवजनाः पुनन्तु मनसा धियः ॥ पुनन्तु विश्वा भूतानि जातवेदः पुनीहि मा ॥ २ ॥ य० अ० ॥ १९ मं० ३९ ॥

भाष्यम् ॥

(पुनन्तु०) अस्यार्थो देवप्रकरणे उक्तः, (अहरहर्बलि०) हे अग्ने परमेश्वर ! ये भवदाज्ञया बलिवैश्वदेवं नित्यं कुर्वन्तो मनुष्याः (रायस्पोषेण समिषा) चक्रवर्त्तिराज्यलक्ष्म्या घृतदुग्धादिपुष्टिकारकपदार्थप्राप्त्या च सम्यक् शुद्धेच्छया (मदन्तः) नित्यानन्दप्राप्ताः सन्तः, मातुः पितुराचार्य्यादीनां चोत्तमपदार्थैः प्रीतिपूर्विकां सेवां नित्यं कुर्युः (अश्वायेव तिष्ठते घासं) यथाऽश्वस्य सन्मुखे तद्भक्ष्यं तृणवीरुधादि वा तत्पानार्थं जलादिपुष्कलं स्थाप्यते तथा सर्वेषां सेवनाय बहून्युत्तमानि वस्तूनि दद्युर्यैस्ते प्रसन्ना भवेयुः (मा ते अग्ने प्रति वेशारिषाम) हे परमगुरो अग्ने परमेश्वर ! भवदाज्ञाता ये विरुद्धव्यवहारास्तेषु वयं कदाचिन्न प्रविशेम, अन्यायेन कदाचित्प्राणिनः पीड़ां न दद्याम किन्तु सर्वान् स्वमित्राणीव स्वयं सर्वेषां मित्रमिवेति ज्ञात्वा परस्परमुपकारं कुर्य्यामेतीश्वराज्ञास्ति ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषार्थ ॥

(पुनन्तु) इस का अर्थ देवतर्पण विषय में कर दिया है (अहरहर्बलि०) हे अग्ने परमेश्वर ! आप की आज्ञा से नित्यप्रति बलिवैश्वदेव कर्म करते हुए हम लोग (रायस्पोषेण समिषा) चक्रवर्त्तिराज्यलक्ष्मी घृतदुग्धादि पुष्टिकारक पदार्थों की प्राप्ति और सम्यक् शुद्ध इच्छा से (मदन्तः) नित्य आनन्द में रहें तथा माता पिता आचार्य्य आदि की उत्तम पदार्थों से नित्य प्रीतिपूर्वक सेवा करते रहें (अश्वायेव तिष्ठते घासं) जैसे घोड़े के सामने बहुत से खाने वा पीने के पदार्थ धर दिये जाते हैं वैसे सब की सेवा के लिये बहुत से उत्तम२ पदार्थ देवें जिन से वे प्रसन्न होके हम पर नित्य प्रसन्न रहें, (मा ते अग्ने प्रतिवेशारिषाम) हे परमगुरु अग्नि परमेश्वर ! आप और आप की आज्ञा से विरुद्ध व्यवहारों में हम लोग कभी प्रवेश न करें और अन्याय से किसी प्राणी को पीड़ा न पहुंचावें किन्तु सब को अपना मित्र और अपने को सब का मित्र समझ के परस्पर उपकार करते रहें ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथ होममन्त्राः ॥

ओमग्नये स्वाहा । ओं सोमाय स्वाहा । ओमग्नी षोमाभ्यां स्वाहा । ओं विश्वेभ्योदेवेभ्यः स्वाहा । ओं धन्वन्तरये स्वाहा । ओं कुहवै स्वाहा । ओमनुमत्यै स्वाहा । ओं पजापतये स्वाहा । ओं सह द्यावापृथिवीभ्यां स्वाहा। ओं स्विष्टकृते स्वाहा॥

भाष्यम् ॥

(ओम०) अग्न्यर्थ उक्तः (ओं सो०) सर्वानन्दप्रदो यः सर्व जगदुत्पादक ईश्वरः सोऽत्र ग्राह्यः (ओं वि०) विश्वे देवा विश्वप्रकाशका ईश्वरगुणाः सर्वे विद्वांसो वा (ओं धन्वं० सर्वरोगनाशक ईश्वरोऽत्र गृह्यते, (ओं कु०) दर्शेष्ट्यर्थोऽयमारम्भः, अमावास्येष्टिप्रतिपादितायै चितिशक्तये वा (ओम०) पौर्णमास्येष्ट्यर्थोऽयमारम्भः, विद्यापठनानन्तरमतिर्मननं ज्ञानं यस्याश्चितिशक्तेः सा चितिरनुमतिर्वा (ओं प्र०) सर्वजगतः स्वामी रक्षक ईश्वरः (ओं सह०) ईश्वरेण प्रकृष्टगुणैः सहोत्पादितयोः पुष्टिकरणाय, (ओं स्विष्ट०) यः सुष्ठु शोभनमिष्टं सुखं करोति स चेश्वरः, एतैर्मन्त्रैर्होमं कृत्वाऽथ बलिप्रदानं कुर्य्यात् ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

भाषार्थ ॥

(ओम्) अग्निशब्दार्थ कह आये हैं (ओं सो०) जो सब पदार्थों को उत्पन्न और पुष्ट करने से सुखदेनेहारा है उस को सोम कहते हैं (ओम०) जो प्राण सब प्राणियों के जीवन का हेतु और जो अपान अर्थात् दुःख के नाश का हेतु है इन दोनों को अग्नीषोम कहते हैं, (ओं वि०) यहां संसार को प्रकाश करने वाले ईश्वर के गुण अथवा विद्वान् लोगों का विश्वेदेव शब्द से ग्रहण होता है (ओं० ध०) जो जन्ममरणादि रोगों का नाश करने हारा परमात्मा वह धन्वन्तरि कहाता है (ओं कु०) जो अमावास्येष्टि का करना है (ओम०) पौर्णमास्येष्टि वा सर्वशास्त्रप्रतिपादित परमेश्वर की चितिशक्ति है यहां उस का ग्रहण है, (ओं प्र०) जो सब जगत् का स्वामी जगदीश्वर है वह प्रजापति कहाता है (ओंस०) यह प्रयोग पृथिवी का राज्य और सत्यविद्या से प्रकाश के लिये है (ओंस्वि०) जो इष्टसुख करनेहारा परमेश्वर है वही स्विष्टकृत कहाता है ये दश अर्थ दश मन्त्रों के हैं । अब बलिदान के मन्त्रों को लिखते हैं ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओं सानुगायेन्द्राय नमः । ओं सानुगाय यमाय नमः । ओं सानुगाय वरुणाय नमः । ओं सानुगाय सोमाय नमः । ओं मरुद्भ्यो नमः । ओ मद्भ्यो नमः । ओं वनस्पतिभ्यो नमः । ओं श्रियै नमः । ओं भद्रकाल्यै नमः । ओं ब्रह्मपतये नमः । ओं वास्तुपतये नमः । ओं विश्वेभ्यो देवेभ्यो नमः । ओं दिवाचरेभ्यो भूतेभ्यो नमः । ओं नक्तञ्चारिभ्यो भूतेभ्यो नमः । ओं सर्वात्मभूतये नमः । ओं पितृभ्यः स्वधायिभ्यः स्वधा नमः ।

भाष्यम् ॥

(ओं सा०) नाम प्रह्वत्वे शब्दे चेत्यनेन सत्क्रियापुरस्सरविचारेण मनुष्याणां यथार्थं विज्ञानं भवतीति वेद्यम्, नित्यैर्गुणैस्सह वर्त्तमानः परमैश्वर्य्यवानीश्वरोऽत्रैन्द्रशब्देन गृह्यते, (ओं सानु०) पक्षपातरहितो न्यायकारित्वादिगुणयुक्तः परमात्माऽत्र यमशब्दार्थेन वेद्यः (ओं सा०) विद्याद्युत्तमगुणविशिष्टः सर्वोत्तमः परमेश्वरोऽत्र वरुणशब्देन ग्रहीतव्यः, (ओं सानुगाय सो०) अस्यार्थ उक्तः, (ओं म०) य ईश्वराधारेण सकलं विश्वं धारयन्ति चेष्टयन्त्यर्थेन गृह्यन्ते ते अत्र मरुतो गृह्यन्ते (ओम०)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अस्यार्थः शन्नो देवीरित्यत्रोक्तः (ओं व०) वनानां लोकानां पतय ईश्वरगुणाः परमेश्वरो वा बहुवचनमत्रादरार्थम्, यद्वोत्तमगुणयोगेनेश्वरेणोत्पादितेभ्यो महावृक्षेभ्यश्चेति बोध्यम्, (ओंश्रि०) श्रीयते सेव्यते सर्वैर्जनैस्सः श्रीरीश्वरस्सर्वसुखशोभावत्वाद् गृह्यते, यद्वा तेनोत्पादिता विश्वशोभा च, (ओं भ०) भद्रं कल्याणं सुखं कालयितुं शीलमस्याः सा भद्रकालीश्वरशक्तिः, (ओम्ब्र०) ब्रह्मणः सर्वशास्त्रविद्यायुक्तस्य देवस्य ब्रह्माण्डस्य वा पतिरीश्वरः, (ओं वा०) वसन्ति सर्वाणि भूतानि यस्मिंस्तद्वास्त्वाकाशं तत्पतिरीश्वरः, (ओं वि०) अस्यार्थ उक्तः, (ओं दि०) (ओं नक्तं०) ईश्वरकृपयैवं भवेद् दिवसे यानि भूतानि विचरन्ति, रात्रौ च तान्यस्मासु विघ्नं मा कुर्वन्तु तैः सहास्माकमविरोधोऽस्तु, एतदर्थोऽयमारम्भः, (ओं स०) सर्वेषां जीवात्मनां भूतिर्भवनं सत्तेश्वरो नान्यः (ओं पि०) अस्यार्थः पितृतर्पणे प्रोक्तः नम इत्यस्य निरभिमानद्योतनार्थः परस्योत्कृष्टतया मान्यज्ञापनार्थश्चारम्भः॥

भाषार्थ ॥

(ओं सा०) जो सर्वैश्वर्य्ययुक्त परमेश्वर और जो उस के गुण हैं वे सानुगइन्द्र शब्द से ग्रहण होते हैं, (ओं सा०)

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जो सत्य न्याय करने वाला ईश्वर और उस की सृष्टि में सत्य न्याय के करने वाले सभासद् हैं वे (सानुगयम) शब्दार्थ से ग्रहण होते हैं (ओं सा०) जो सब से उत्तम परमात्मा और उस के धार्मिक भक्त हैं वे सानुगवरुण शब्दार्थ से जानने चाहियें (ओं सां०) पुण्यात्माओं को आनन्दित करने वाला और पुण्यात्मा लोग हैं वे सानुगसोमशब्द से ग्रहण किये हैं (ओं मरु०) जो प्राण अर्थात् जिन के रहने से जीवन और निकलने से मरण होता है उन को मरुत् कहते है इन की रक्षा करनी अवश्य चाहिये, (ओमद्भ्यो०) इस का अर्थ शन्नो देवी इस मन्त्र के अर्थ में लिखा है (ओं व०) जिन से वर्षा अधिक होती और जिस के फलादि से जगत् का उपकार होता है उन की रक्षा करनी योग्य है (ओं श्रि०) जो सब के सेवा करने योग्य परमात्मा है उस के सेवा से राज्य श्री की प्राप्ति के लिये सदा उद्योग करना चाहिये । (ओं भ०) जो कल्याण करने वाली परमात्मा की शक्ति अर्थात् सामर्थ्य है उस का सदा आश्रय करना चाहिये (ओं ब्र०) जो वेद

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का स्वामी ईश्वर है उस की प्रार्थना और उद्योग, विद्या प्रचार के लिये अवश्य करना चाहिये, जो (ओं वा०) वास्तुपति गृहसंबंधी पदार्थों का पालन करनेहारा मनुष्य अथवा ईश्वर है इन का सहाय सर्वत्र होना चाहिये (ओं वि०) इसका अर्थ कह दिया है (ओं दि०) जो दिन में विचरने वाले प्राणियों से उपकार लेना और उन को सुख देना है सो मनुष्य जाति का ही काम है (ओं नक्तं०) जो रात्रि में विचरने वाले प्राणी हैं उन से भी उपकार लेना और जो उन को सुख देना है इस लिये यह प्रयोग है (ओं सर्वात्म०) सब में व्याप्त परमेश्वर की सत्ता को सदा ध्यान में रखना चाहिये (ओं पि०) माता पिता, आचार्य्य, अतिथि, पुत्र, भृत्यादिकों को भोजन कराके पश्चात् गृहस्थ को भोजनादि करना चाहिये स्वाहा शब्द का अर्थ पूर्व कर दिया है। और नमः शब्द का अर्थ यह है कि आप अभिमानरहित होके दूसरे का मान्य करना है, इसके पीछे के भागों को लिखते हैं ॥

शुनां च पतितानां च श्वपचां पापरोगिणाम् ॥
वायसानां कृमीणां च शनकैर्निर्वपेद्भुवि ॥ १ ॥
म० अ० ३ । श्लो० ९२ ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अनेन षड्भागान् भूमौ दद्यात्, एवं सर्वप्राणिभ्यो भागान् विभज्य दत्वा च तेषां प्रसन्नतां सम्पादयेत् ॥ इति बलिवैश्वदेव विधिः समाप्तः ॥

भाषार्थ ॥

कुत्तों, कङ्गालों, कुष्ठी आदि रोगियों, काक आदि पक्षियों और चींटी आदि कृमियों के लिये छः भाग अलग अलग बांट के देदेना और उन की प्रसन्नता सदा करना, यह वेद और मनुस्मृति की रीति से बलिवैश्वदेव की विधि लिखी ॥

अथ पञ्चमोऽतिथियज्ञः प्रोच्यते ॥

यत्रातिथीनां सेवनं यथावत् क्रियते तत्रैव कल्याणं भवति, ये पूर्णविद्यावन्तः परोपकारिणो जितेन्द्रिया धार्म्मिकाः सत्यवादिनश्छलादिदोषरहिता नित्यभ्रमणकारिणो मनुष्यास्सन्ति तान तिथीन् कथयन्ति, अत्रानेके प्रमाणभूता वैदिकमन्त्रास्सान्ति, परन्त्वत्र संक्षेपतो द्वावेव लिखामः ॥

तद्यस्यैवं विद्वान् व्रात्योऽतिथिर्गृहानागच्छेत् ॥१॥ स्वयमेनमभ्युदेत्य ब्रूयाद्व्रात्य क्वावात्सीर्व्रात्योदकं व्रात्य तर्प्पयन्तु व्रात्य यथा ते प्रियं तथास्तु व्रात्य यथा ते वशस्तथास्तु व्रात्य यथा ते नि-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

क्वामस्तथास्त्विति ॥ अथर्व० कां० १५ व० ११ अ० २ मं० १ । २ ॥

भाष्यम् ॥

(तद्य०) यस्य गृहे पूर्वोक्तविशेषणयुक्तो विद्वान् (व्रात्यः) महोत्तमगुणविशिष्टः सेवनीयोतिथिरर्थाद्यस्यगमनागमनयोरनियततिथिर्न यस्य काचिन्नियतातिथिर्भवति किन्तु स्वेच्छयाऽकस्मादागच्छेद् गच्छेच्च स यदा गृहस्थानां गृहेषु प्राप्नुयात् ॥ १ ॥ (स्वयमेन म०) तदा गृहस्थोऽत्यन्तप्रेम्णोत्थाय नमस्कृत्य च तं महोत्तमासने निषादयेत् तदनन्तरं पृच्छेद् भवतां जलादेरन्यस्य वा वस्तुन इच्छास्ति चेतद् ब्रूहि सेवां कृत्वा तत्प्रसन्नतां सम्पाद्य स्वस्थचित्तस्सन्नेवं पृच्छेत् (व्रात्य क्वावात्सीः) हे व्रात्य पुरुषोत्तम ! त्वमितः पूर्वं क्व अवात्सीः कुत्र निवासं कृतवान् (व्रात्योदकं) हे अतिथे ! जलमेतद् गृहाण (व्रात्य तर्प्पयन्तु) भवान् स्वकीयसत्योपदेशेनास्मांश्च तर्प्पयतु प्रीणयतु तथा भवत्सत्योपदेशेन तत्सर्वाणि मम मित्राणि भवन्तं (तर्प्पयित्वा) विज्ञानवन्तो भवन्तु, (व्रात्य यथा०) हे विद्वन् ! यथा भवतः प्रसन्नता स्यात्तथा वयं कुर्य्याम, यद्वस्तु भवत्प्रियमस्ति तस्याज्ञां कुरु(व्रा-

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

त्य यथा ते०) हे अतिथे ! यथेच्छतु भवान् तदनुकूलानस्मान् भवत्सेवाकरणे निश्चिनोतु, (व्रात्य यथा ते०) यथा भवदिच्छापूर्त्तिस्स्यात् तथा भवत्सेवां वयं कुर्य्याम, यतो भवान् वयं च परस्परं सेवासत्सङ्गपूर्विकया विद्यावृद्ध्या सदानन्दे तिष्ठेम ॥

भाषार्थ ॥

जो पांचवां अतिथियज्ञ कहाता है उस को लिखते हैं जिस में अतिथियों की यथावत् सेवा करनी होती है, जो पूर्ण विद्वान् परोपकारी जितेन्द्रिय धार्मिक सत्यवादी छलकपट रहित नित्य भ्रमण करने वाले मनुष्य होते हैं उन को अतिथि कहते हैं, इस में अनेक वैदिक मन्त्र प्रमाण हैं, परन्तु संक्षेप के लिये दो ही मन्त्र लिखते हैं (तद्यस्यैवं विद्वान्०) जिस के घर में पूर्वोक्त गुणयुक्त विद्वान (व्रात्यः) उत्तमगुणाविशिष्ट सेवा करने के योग्य अतिथि आवे जिस की आने जाने की कोई भी निश्चित तिथि नहीं हो अकस्मात् आवे और जावे जब ऐसा मनुष्य गृहस्थों के घर में प्राप्त हो ॥ १ ॥ तब (स्वयमेनम०)तब उस को गृहस्थ अत्यन्त प्रेम से उठ कर नमस्ते करके उत्तम आसनपर बैठा के पश्चात्पूछे कि आप को कुछ जल वा किसी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अन्य वस्तु की इच्छा हो सो कहिये इस प्रकार उस को प्रसन्न कर और स्वयं स्वस्थचित्त होके उस से पूछे कि (व्रात्य कावात्सीः) हे व्रात्य ! उत्तमपुरुष आप ने यहां आने के पूर्व कहां वास किया था (व्रात्योदकं) हे अतिथि ! यह जल लीजिये (व्रात्य तर्प्पयन्तु) और हम लोग अपने सत्य प्रेम से आप को तृप्त करते हैं और सब हमारे इष्ट मित्र लोग आप के उपदेश से विज्ञानयुक्त होके सदा प्रसन्न हों (व्रात्य यथा०) हे विद्वान् व्रात्य ! जिस प्रकार से आप की प्रसन्नता हो वैसा ही हम लोग काम करें और जो पदार्थ आप को प्रिय हो उस की आज्ञा कीजिये (व्रात्य यथा०) जिस प्रकार से आपकी कामना पूर्ण हो वैसी आप की सेवा हम लोग करें, जिस से आप और हम लोग परस्पर सेवा और सत्सङ्गपूर्वकविद्यावृद्धि से सदा-आनन्द में रहें ॥ २ ॥ इति संक्षेपतोऽतिथियज्ञः ॥

श्रीयुतविक्रमादित्यमहाराजस्य पञ्चपञ्चाशदुत्तरे एकोनविंशे संवत्सरे भाद्रपूर्णिमायां समर्पितः॥इति पञ्चमहायज्ञविधिः समाप्तः॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अथसन्ध्याशब्दानामर्थनिर्देशः ॥

अभिष्टये .. आनन्द के लिये
अभि .. .. सब तरफ से
अभीद्धात् .. सब तरफ से प्रकाशित
अध्यजात .. पैदा हुआ
अजायत .. पैदा हुआ
अर्णवः .. .. जलवाला
अधि .. .. .. पीछे
अहो .. .. .. दिन
अकल्पयत् .. .. रचा
अथो .. .. .. पीछे
अन्तरिक्ष .. बीच आकाश में रहने वाले लोग
अग्नि .. .. प्रकाशस्वरूप
अधिपति .. .. स्वामी
अस्तु .. .. .. हो
असितः .. .. निर्बन्धन
अस्मान् .. .. हम को
अन्नम् .. .. पृथिव्यादि
अशनि .. .. बिजली
अगन्म .. .. प्राप्त हों
अनीकं .. .. .. बल
अग्नेः .. .. प्रकाशक
अदीनाः .. .. स्वाधीन
आपः .. .. व्यापक
आदित्य .. .. सूर्यकिरण
आप्रा .. .. .. सब तरफ से धारण करने वाला
आत्मा .. सर्वत्रव्यापक
इषवः .. .. .. बाण
इन्द्रः .. .. ऐश्वर्यवाला
उदीची उत्तर

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तरं .. .. .. पछि
उत्तमं .. .. .. अच्छा
उ .. .. निश्चय
उद् .. .. .. अच्छा
उदगात् .. अच्छाप्रकाशक
उच्चरत् .. विज्ञानस्वरूप
ऊर्ध्वा .. .. .. ऊपर
ऋतं .. .. .. वेद
एभ्यो .. .. इन के लिये
ओम् .. रक्षा करने वाला
कण्ठः .. .. .. गला
कर .. .. .. हाथ
कण्ठे .. .. .. गले में
कल्माष .. .. .. चित्र
केतवः .. .. .. किरण
खम् .. आकाशकीतरहव्यापक
ग्रीवा .. .. .. गरदन
चक्षुः .. .. .. आंख
च .. .. .. और
चंद्रमा .. .. .. चांद
चित्रं .. .. .. अद्भुत
ज्योतिः .. .. स्वप्रकाश
जीवेमः .. .. .. जीवें
जातवेदसं .. जिससे वेद पैदा हुए
जगतः .. चर संसारका
जनः .. पैदाकरनेवाला
जम्भे .. .. .. वश में
त्यं .. .. .. उस को
तस्थुषः .. .. स्थावर को
तत् .. .. .. वह
तपः .. .. .. ज्ञानरूप

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

तपसः .. .. सामर्थ्य से
ततः .. .. .. फिर
तेभ्यो .. .. उनकेलिये
तं .. .. .. उस को
तिरश्चि .. कीड़े बिच्छू बगैरा
तमसः .. अन्धकार से
तल .. .. .. तला
देवीः .. .. प्रकाशक
दिवं .. .. अग्नि को
दिग् .. .. दिशा
द्वेष्टि .. .. द्वेष करता है
द्विष्मः .. द्वेष करते हैं
दध्मः .. .. धारण करें
दक्षिणा .. .. दाहिनी
देवं .. .. .. दिव्यरूप
दृशे .. .. देखने को
देवानां .. .. विद्वानों के
देवत्रा .. अच्छे गुण वाला
द्यावा .. .. सूर्य लोक
देवस्य .. .. प्रकाशक को
धीमहि .. ध्यान करते हैं
धियः .. .. बुद्धियों को
धाता .. .. धारण कर्त्ता
ध्रुवा .. .. नीचली
नो .. .. .. हम को
नाभिः .. .. .. टुंडी
नेत्रयोः .. .. नेत्रों को
नाभ्यां .. .. नाभिमें
नमः .. .. नमना
नः .. .. .. हमपर
प्राणः .. .. प्राणवायु

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुरस्तात् ·· सृष्टि से पहिले
पश्येम ·· ·· देखें
प्रब्रवाम ·· उपदेश करें
प्रचोदयात् ·· प्रेरणा करै
पीतये ·· पूर्णानन्द के लिये
प्रष्ठे ·· ·· ·· पीठ में
पादयोः ·· ·· पैरों में
पुनातु ·· ·· पवित्र करै
पुनः ·· ·· ·· फिर
पूर्व ·· ·· पहिले
पृथिवी ·· ·· जमीन
प्राची ·· ·· पूर्व
प्रतीची ·· ·· पश्चिम
पितरः ·· ·· ज्ञानी लोग
पृदाकू ·· ·· ·· सांप
पश्यन्तः ·· ·· देखते हुए
परि ·· ·· ·· जुदा
बलम् ·· ·· ·· बल
ब्रह्म ·· ·· सब से बड़ा
बाहुभ्यां ·· ·· हाथों से
बृहस्पतिः ·· बड़ों का स्वामी
भवन्तु ·· ·· ·· हों
भूः ·· ·· ·· प्राणदाता
भुवः ·· ·· दुःखहरता
भूयः ·· ·· ·· फिर
भर्गो ·· ·· विज्ञानरूप
मित्रस्य ·· ·· मित्रके
मयोभवाय ·· सुखदाता के
मयस्कराय ·· सुख करने वाले के लिये
महः ·· ·· ·· बड़ा
मिषतः ·· ·· स्वभाव से

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यथा ... ... जैसे
यशः ... ... कीर्त्ति
यः ... ... जो
यं ... ... जिसको
रात्रि .... रात
रक्षिता .... रक्षा करने वाला
राजी .... पङ्क्ति
वरुणस्य .... श्रेष्ठकर्मकर्त्ता
वरेण्यं .... ग्रहण के योग्य
वाक् .... वाणी
विदधत् .... रचता हुआ
विश्वस्य .... जगत् को
वशी .... बश में रखने वाला
वः .... उनके
वरुणः .... श्रेष्ठस्वामी
वहन्ति .... प्रकाश करते हैं
विष्णुः .... व्यापक
वीरुधः .... वृक्ष
वर्ष .... वर्षा
वयं .... हम
शं .... कल्याण
शंयोः .... सुखकी
शिरः .... सिर
श्रोत्रं .... कान
शिरसि .... सिर में
शिवत्र .... ज्ञानमय
शुक्रम् .... शुद्ध
शरदः .... वर्षोंके
शतम् .... सौ
शङ्करायच .... कल्याण कर्त्ता के लिये

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शृणुयाम	सुने
शतात्	सौसे
शम्भवाय ...	सुखकारी के लिये
शिवाय ...	सुखस्वरूप के लिये
शिवतराय ...	अत्यन्तसुख रूप के लिये
स्रवन्तु	वर्षा करै
स्वः ...	मध्यस्थलोक सुखस्वरूप
सत्यं	अविनाशी
सर्वत्र	सबजगह
समुद्रात्	समुद्र से
संवत्सर ..	साल वगैरह
सूर्य	सूरज सब जगत् का प्रकाशक
सोमः ..	पैदाकरनेवाला
स्वजः	जन्म रहित
सूर्य	व्यापक
स्याम	हों
स्वाहा ..	प्यारावचनबोलना
सवितुः ..	पैदा करने वाले के
हितम् ..	भला चाहने वाला
हृदयम्	हिरदा
हृदये	हिरदे में

इति ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्रन्थालय
गुरुकुल कांगड़ी

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओ३म्

आर्य्यसमाज के नियम

(१)-सब सत्यविद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं उन सब का आदि मूल परमेश्वर है ॥

(२)-ईश्वर सच्चिदानन्दस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान् न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्त्ता है उसी की उपासना करनी योग्य है ॥

(३)-वेद सत्य विद्याओं का पुस्तक है वेद का पढ़ना पढ़ाना और सुनना सुनाना सब आर्य्यों का परम धर्म है ॥

(४)-सत्य ग्रहण करने और असत्य के छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये ॥

(५)-सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहियें ॥

(६)-संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश है अर्थात् शारीरिक आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना॥

(७)-सब से प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य वर्तना चाहिये॥

(८)-अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिये॥

(९)-प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से सन्तुष्ट न रहना चाहिये किन्तु सब की उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये॥

(१०)-सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालने में परतन्त्र रहना चाहिये और प्रत्येक हितकारी नियम में सब स्वतन्त्र रहैं ॥

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय,

हरिद्वार

224/20६

पुस्तक लौटाने की तिथि अन्त में अङ्कित है । इस तिथि को पुस्तक न लौटाने पर दस नये पैसे प्रति पुस्तक अतिरिक्त दिनों का अर्थदण्ड आप को लगाया जायेगा ।

5 DEC 1984

६/१२/११५

५०००.११.१४।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पुस्तकालय, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय,
हरिद्वार।

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

Entered in Database
Signature with Date

CC-0. Gurukul Kangri Collection, Haridwar